निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 05
टेलि - 020 25614495, 256143 66, 25514501 से 12 विस्तार. 495

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 9 फरवरी, 2021

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 86वां 'व्यवसाय आरंभ दिवस' मनाया

पुणे, 9 फरवरी, 2021: बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने प्रधान कार्यालय के साथ ही सभी शाखाओं और अंचल कार्यालयों में 8 फरवरी, 2021 को अपना 'व्यवसाय आरंभ दिवस' मनाया। मुख्य समारोह 'लोकमंगल लॉन', बैंक ऑफ महाराष्ट्र, प्रधान कार्यालय में आयोजित किया गया। श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक और श्री एम. के. वर्मा, आरबीआई नॉमिनी डायरेक्टर, महाप्रबंधकगण और स्टाफ सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम में कोविड प्रोटोकॉल और सभी सोशल डिस्टेंसिंग मानदंडों का पालन किया गया।

86वें 'व्यवसाय आरंभ दिवस' पर, बैंक ने नई तकनीक संचालित सेवाओं की एक श्रृंखला का शुभारंभ किया, जिसमें एमएसएमई डिजिटल ऋण उधारी सेवाएँ, चैनल वित्तपोषण, आंतरिक ऋण जोखिम रेटिंग के अनुकूलन हेतु समन्वित जोखिम प्रबंधन पोर्टल आईकॉन, ऑनलाइन खाता खोलने की सेवाएं, ग्राहक सेवा केंद्र, शहरी व्यवसाय प्रतिनिधि, ऑनलाइन ग्राहक प्रतिक्रिया सुविधा, रिटेल ग्राहकों के लिए ग्रुप टर्म जीवन बीमा के वित्तपोषण हेतु मीयादी ऋण उत्पाद, इंस्टा लॉकर सुविधा आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर श्री ए.एस. राजीव ने कहा "हाल में जब पूरी अर्थव्यवस्था को सबसे कठिन दौर से गुज़रना पड़ा और उद्योग की वृद्धि 5%-6% थी, तब बैंक ऑफ महाराष्ट्र के व्यवसाय में 10%-12% की गति से वृद्धि हुई जो वास्तव में सराहनीय है। वर्तमान में, बाजार भी बहुत सकारात्मक है, जिसमें बेहतर आस्ति गुणवत्ता के साथ बैंक के सभी महत्वपूर्ण मापदंडों में उल्लेखनीय रूप से सुधार हुआ है। हमारे डिजिटल प्रयासों से संबंधित प्रयत्नों से हमारे समावेशी विकास को प्रोत्साहन मिला जिससे हमें आने वाले तिमाहियों में मिड-साइज़ बैंक बनने की ओर मज़बूती से अग्रसर होंगे। "

श्री हेमन्त टम्टा, कार्यपालक निदेशक ने विकास और लाभ ट्रेजेक्टरी में बैंक के सतत कार्यनिष्पादन के लिए स्टाफ सदस्यों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पांच प्रमुख क्षेत्रों पर जोर दिया जिससे बैंक की प्रगति को गति मिलेगी यथा; क्वालिटी क्रेडिट ऑफ़टेक, CASA प्रतिशत को 52% करना, वसूली प्रक्रिया को मजबूत करना और स्लिपेज में कमी, गैर-ब्याज आय को बढ़ाना और ग्राहक सेवा में संवर्धन।

कार्यक्रम की शुरुआत बैंक के संस्थापक सदस्यों के चित्र पर माल्यार्पण और पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई। बैंक के कर्मचारियों ने विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों यथा गायन, नृत्य, मिमिक्री, लोक कला, स्किट आदि के अंतर्गत अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।